आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :453 पृष्ठ -4 दिनांक 15 अप्रेल 2025 दिन मंगलवार

## यूपी के जिलाधिकारियों की संपत्ति में बड़ा इजाफा

## चार गुणा बढ़ोतरी, आगरा के डीएम हैं सबसे अमीर

उत्तर प्रदेश में तैनात जिलाधिकारियों (डीएम) की संपत्तियों को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. केंद्र सरकार को दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के कई डीएम की संपत्ति पिछले पांच वर्षों में दोगुनी, तो कुछ की तीन से चार गुना तक बढ़ चुकी है. सबसे अमीर डीएम के तौर पर आगरा के जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी सामने आए हैं, जिनके पास कुल 15 संपत्तियां हैं.दरअसल, यह जानकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा IASके अधिकारियों द्वासरा केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय (क्वच्) को भेजी गई संपत्ति विवरण रिपोर्ट से सामने आई है. रिपोर्ट में डीएम ने बताया है कि उनके पास कौन–कौन सी प्रॉपर्टी हैं, कहां हैं, और उनकी कीमत कितनी रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि लखनऊ अफसरों की पहली पसंद है. 75 डीएम में से 27 जिलाधिकारियों ने लखनऊ में प्लॉट, फ्लैट या मकान खरीदा है. इनमें गोमती नगर, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी जैसे महंगे इलाके शामिल हैं.सीतापुर डीएम अभिषेक आनंद के पास लखनऊ में 59 लाख का फ्लैट है.रायबरेली की डीएम हर्षिता माथुर





के पास लखनऊ में 60 लाख और 18 लाख के दो प्लॉट हैं.अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन के पास 7200 वर्गफीट प्लॉट और 3ठभ्झ फ्लैट है.कानपुर नगर के डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह के पास 418 वर्गमीटर का मकान, 70 लाख का फ्लैट और 1.73 हेक्टेयर कृषि भूमि है.आगरा के डीएम अर. विंद मलप्पा बंगारी के पास 11 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है, जिसमें कर्नाटक में 5 एग्रीकल्चर लैंड, 3 घर, 1 फ्लैट, 1 कम. र्शियल स्पेस और 6 प्लॉट शामिल हैं. वहीं, मथुरा के डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने 1.44 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति की जानकारी दी है.रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के 19 डीएम ऐसे हैं जिनकी संपत्ति पिछले 5 साल में 4 गुना तक बढ़ी है. इनमें से कई डीएम ने नई प्रॉपर्टी खरीदी है या पुराने संपत्तियों की वैल्यू बढ़ी है.हालांकि कुछ जिलों के डीएम ने बताया कि उनके पास कोई भी प्रॉपर्टी नहीं है. इनमें लखनऊ, गाजियाबाद, गोरखपुर, फिरोजाबाद, कौशांबी, श्रावस्ती, अंबेडक. रनगर, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, जौनपुर जैसे जिले शामिल हैं. एक डीएम की सैलरी सातवें वेतन आयोग के अनुसार तय होती है. आमतौर पर जिलाधिकारी को वेतन और भत्ते मिलाकर 1.50 लाख से 2. 25 लाख रुपये प्रति माह मिलते हैं.

## महिला ने ससुर से मांगा फसल का हिस्सा, इनकार किया तो पति ने पिता और भाई को उतारा मौत के घाट

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के कूरेभार क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने पिता और भाई की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी. फसल के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था. जमीन–जायदाद के लिए लोग अपने बाप–भाई को भी जान से मारने पर उतारु हो जाते हैं. एक ऐसा ही मामला आया है उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले से. जहां कूरेभार क्षेत्र में रविवार देर शाम फसल के बंटवारे को लेकर एक परिवार के भीतर विवाद इतना बढ़ गया कि शख्स ने अपने पिता और भाई की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने यह जानकारी दी.पुलिस ने घटना के बारे में क्या बताया?सुलतानपुर पुलिस ने मीडिया को बताया कि कूरेभार थाना क्षेत्र के जूड़ापट्टी गांव में अजय यादव नाम के व्यक्ति ने अपने बड़े भाई और गांव के प्रधान प्रतिनिधि सत्य प्रकाश यादव और अपने पिता राम यादव को गोली मार दी. सत्य प्रकाश की उम्र 47 साल थी और पिता राम यादव की उम्र 75 साल थी.गेहूं की फसल के बंटवारे को लेकर था विवाद पुलिस ने बताया कि दोनों को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह घटना पारिवारिक खेत से काटी गई गेहूं की फसल के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के कारण हुई थी.हत्यारोपी अजय यादव घटना के बाद से फरारपुलिस ने यह भी बताया कि अजय यादव की पत्नी अपने ससुर से फसल का हिस्सा मांगने गई थी, लेकिन पीड़ितों ने उसे हिस्सा देने से कथित तौर पर मना कर दिया था. पुलिस ने बताया कि इससे नाराज अजय यादव अपने पिता और भाई के पास गया और दोनों पर गोली चला दी. फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. अजय यादव घटना के बाद से फरार है. हत्यारोपी की तलाश की जा रही है.

## अंबेडकर दिवस पर मायावती ने दिया 2027 के चुनाव का संदेश, बताया बसपा को कैसे मिलेगी सत्ता की चाबी

बीएसपी चीफ मायावती ने अंबेडकर दिवस के मौके पर साल 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव का संदेश भी दिया है. बसपा चीफ ने लोगों से खास अपील की है. संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के मौके पर बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने पूरे देशभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किए. पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु. मायावती ने लखनऊ में बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समाज के वंचित तब कों कृदलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अन्य उपेक्षितोंकृसे अपील की कि वे बीएसपी से जुड़कर "अंबेडकरवादी सोच" को अपनाएं और सत्ता की चाबी अपने हाथ में लें.मायावती ने कहा, "देश के बहुजन समाज को अब अपने वोट की ताकत को समझना होगा. हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है. वोट से सत्ता हासिल करके ही हम बाबा साहेब के सपनों का समाज बना सकते हैं. यही डॉ. अंब. `डकर की सच्ची श्रद्धांजलि होगी."उन्होंने यह भी कहा कि देश में कांग्रेस और भा. जपा दोनों ने बहुजन समाज को केवल वादे दिए, लेकिन उनके शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक हालात आज भी बदहाल हैं. आरक्षण जैसे संवैधानिक अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है, और गरीब, बे रोजगार, अशिक्षित जनता को कोई राहत नहीं मिल रही सरकारों से भी की संविधानवादी सोच अपनाने की



अपीलमायावती ने सभी सरकारों से जा. तिवादी और स्वार्थ की राजनीति छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि जब तक सत्ता में बैठे लोग संविधानवादी सोच को नहीं अपनाएंगे, तब तक "विकसित भारत" और "मेरा भारत महान" सिर्फ एक नारा ही बना रहेगा.प्रदेशभर में विचार गोष्ठियों और श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजनबीएसपी के निर्देश पर आज पूरे उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में जिला स्तर पर विचार गोष्ठियों, श्रद्धांजलि सभाओं और माल्यार्पण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. लखनऊ मंडल में कार्यकर्ता डॉ. अंबेडकर स्मारक स्थल, और पश्चिमी यूपी के कार्यकर्ता नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पहुंचे. दिल्ली प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने भी नोएडा में श्रद्धांजलि अर्पित की और शाम को अपने–अपने जिलों में कार्यक्रम किए.युवाओं को साथ लेकर कार्यक्रमों में हिस्साबहन मायावती के निर्देश पर इस बार बीएसपी कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ, विशेषकर युवा पीढ़ी को साथ लेकर, कार्यक्रमों में शामिल हुए. होर्डिंग, पोस्टर और विचार गोष्ठियों के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया.मुस्लिमों और अल्पसंख्यकों के अधिक. ारों पर भी जताई चिंतामायावती ने कहा कि देश में अल्पसंख्यकों के जान, माल और मजहब की सुरक्षा को लेरभी चिंता का माहौल है. ऐसी स्थिति में बहुजन समाज को उन पार्टियों से सावधान रहना होगा जो धन्नासेठों की समर्थक हैं और बहुजन विरोधी नीतियों पर चल रही हैं. मायावती ने कहा कि "अब वक्त आ गया है कि बहुजन समाज अपनी सामाजिक और आर्थिक मुक्ति के लिए स्वयं आगे आए और बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलकर सशक्त भारत के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करे."

## अंबेडकर जयंती पर गरजे अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर राज्य और केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि अंबेडकर संविधान के शिल्पकार थे. आज भी हम देखते है की अंबेडकर की प्रतिमा खंडित की जाती है. ये वहीं लोग जो अंबेडकर को मानते नहीं है. समय ––समय पर अंबेडकर के अनुयायी को अपमानित किया जाता है. सपा चीफ ने कहा कि आज होना यह चाहिये कि देश और समाज संविधान से चले. अगर संविधान कमजोर होगा तो हमारा लोकतंत्र कमजोर होगा. आज जयंति पर हमलोग अंबेडकर जी को याद कर रहे हैं.कन्नौज सांसद ने कहा कि न्याय और स्वाभिमान के साथ कैसे आगे जाना है ये हथियार हमलोग को अंबेडकर ने दिया है. समाज की बुराई के खिलाफ अंबेडकर ने लड़ा था. आगरा मामले में अखिलेश ने कहा कि रामजी लाल सुमन के साथ क्या हुआ? लोग बंदूक लेकर प्रर्दशन कर रहे थे. बयान आ रहा जान ले ली जायेगी. उन्होंने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में दिखाया जो संविधान बदलेगा उसकी हार होगी. प्रयागराज में एक दलित परिवार के साथ जो हुआ जिन्होंने जिंदा जलाया वो बीजेपी के लोग है. अखिलेश ने कहा कि यह वही लोग हैं जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर



जी को नहीं मानते हैं, जो संविधान, लो. कतंत्र को नहीं मानते। यह तमाम प्रबुद्धवादी वह लोग हैं जिन्होंने सदियों से शोषण किया है.इससे पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने कहा था कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर सबको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ! आइए 'सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के लिए अपने 'स्वाभिमान–स्वमान' की अनुभूति को और सुदृढ़ करके, एकजुट होकर बाबासाहेब की देन व धरोहर 'संविधान और आरक्षण' बचाने के पीडीए के आंदोलन को नई ताकत प्रदान करें व दोहराएँ कि 'संविधान ही संजीवनी' है और 'संविधान ही ढाल है' और ये भी कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हम सबका मान–सम्मान–स्वाभिमान और अधिकार सुरक्षित रहेगा.यूपी के पूर्व सीएम ने कहा था कि– 'स्वमान' के तहत हमने अपने सौ. हार्दपूर्ण, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लो. कतांत्रिक मानक और मूल्यों के साथ ही अपनी 'स्वयं की एकता' के मूल्य को समझकर, इस पीडीए रूपी एकजुटता की परिवर्तनकारी शक्ति का भी मान समझें. 'स्वाभिमान–स्वमान' के माध्यम से ही पीडीए समाज के लोग अपनी निर्णायक शक्ति हासिल करके उत्पीड़न, अत्याचार और पीड़ा से मुक्त होकर, स्वाभिमान से जीने का हक और अधिकार पा पाएंगे और दमनकारी, उत्पीड़नकारी, वर्चस्ववादी, प्रभुत्ववादी, शक्तिकामी नकारात्मक ताकतों को सांविधानिक जवाब दे पाएंगे.सपा चीफ ने कहा था कि पीडीए की एकता ही संविधान और आरक्षण बचाएगी, पीडीए की एकजुटता ही सुनहरा भविष्य बनाएगी. आइए अपने 'स्वाभिमान–स्वमान' के इस संघर्ष को समारोह में बदल दें.

## यूपी में सात फेरे से पहले धरने पर क्यों बैठी दुल्हन? इस मांग को लेकर की नारेबाजी

बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बिजरौल और जलालपुर गांव के बीच दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण चल रहा है. इसके लिए अधिकारी जमीन का अधिग्रहण करने के लिए पहुंचे थे. निर्माणाधीन दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर में भूमि अधिग्रहण को लेकर बागपत के बिजरौल गांव में एक दुल्हन फेरों से पहले अपने परिवार के साथ धरने पर बैठ गई. अधिकारियो के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की, जिसके बाद अधिग्रहण करने पहुंचे एनएचएआई के अधिकारी वहां से कार्रवाई के बिना लौट गए, उसके बाद ही दुल्हन दूल्हे के साथ फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंध गई.बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बिजरौल और जलालपुर गांव के बीच दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण चल रहा है. तीन साल पहले बिजरौल गांव के बलवान व उसके बेटे यशपाल की पांच एकड़ कृषि भूमि को कॉरिडोर के लिए अधिग्रहण किया गया था, लेकिन निर्माण के बीच अब दोबारा दोनों किसानों की करीब एक बीघा जमीन और अधिग्रहण को लेकर प्रशासन प्रयास कर रहा है जिसका परिवार ले लोग विरोध कर रहे हैं यशपाल की बेटी वंशिका की 13 अप्रैल को शादी थी. शाम के समय



मुजफ्फरनगर जिले से बारात भी आनी थी. वंशिका मेहंदी लगवाकर दूसरी तैयारी में व्यस्त थी तो परिवार के लोग घर व विवाह मंडप में शादी की तैयारी में जुटे हुए थे. इसी बीच परिवार के लोगों को जानकारी मिली कि एनएचएआई के अधिकारी पुलिस टीम के साथ सम्बंधित भूमि पर कब्जा करने आ रहे हैं. इस जानकारी के बाद परिवार के लोग आनन फानन में अपनी जमीन पर पहुँच गए. साथ में दुल्हन वंशिका भी अपने पिता की जमीन बचाने को परिवार के लोगों के साथ वहीं धरने पर बैठ गई.पीड़ित लोगों का आरोप था कि इस मामले में 16 अप्रैल को एडीएम बागपत के यहां आपत्ति की सुनवाई भी है, लेकिन अधिकारी पुलिस को लेकर जमीन पर कब्जा करने पहुँच गए. दुल्हन और उसके परिजनों का कड़ा रुख देखकर अधिकारी वापस लौट गए. उसके बाद दुल्हन वंशिका दूल्हे आदित्य के साथ परिणय सूत्र में बंध गई दुल्हन वंशिका ने कहा कि मेरे लिए शादी एक अहम दिन था, लेकिन अपनी जमीन और सम्मान की रक्षा उससे भी बड़ी जिम्मेदारी थी. दूल्हे आदित्य ने कहा कि वंशिका ने जो किया, वह साहस और आत्मबल की मिसाल है. मुझे गर्व है कि मैं उसकी जिंदगी का हिस्सा बना. वंशिका की मां मुनेश देवी ने कहा कि आज मेरी बेटी ने साबित कर दिया कि बेटियां कमजोर नहीं होती.

## 60 वर्षीय बुर्जुग ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में हैवानियत का एक ऐसा मामला सामने आया हैं, जिसने सभी को हैरत में डाल दिया है. जिले में 60 वर्षीय बुर्जुग ने एक किशोरी को अपनी हैवानियत का शिकार बनाया है. पुलिस ने पीड़ित किशोरी के नाना की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. उधम सिंह नगर जिले के जसपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए बताया कि जसपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले 60 वर्षीय बुर्जुग मुख्तार ने हमारे परिवार की नाबालिग बेटी को दो महीने पूर्व अपने घर बुलाकर नशीला पदार्थ सूंघा दिया. बेहोशी की हालत में मुख्तार ने उसके साथ दुष्कर्म किया, होश में आने के बाद वो घर आ गई. इस घटना के बाद जब उसके पेट में दर्द शुरू हुआ, तो उसने इसकी जानकारी मुख्तार की पुत्रवधू फईमा को दी. फईमा और उसके पति सलमान ने किशोरी को इस बात को किसी और को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. किशोरी को डरा धमका कर काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका दवा खिलाकर बच्चा गिरा दिया. किशोरी के नाना की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं.सीओ दीपक सिंह ने बताया कि किशोरी के नाना की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बुर्जुग मुख्तार शाह, उसके पुत्र सलमान और पुत्रवधू फईमा मुकदमा बीएनएसएस के तहत दर्ज कर लिया है. इस प्रकरण में महिला अधिकारी रुचिका चौहान जांच कर रही है. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा.60 वर्षीय बुजुर्ग ने नशीली पदार्थ सूंघाकर नाबालिग लड़की को बेहोश कर दिया, और बेहोशी की हालत में लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. होश में आने के बाद किशोरी अपने घर चली गई, और कुछ दिनों बाद जब उसके पेट में दर्द होने पर उसने इसकी जानकारी मुख्तार की पुत्रवधू फईमा को दी तो फईमा और उसके पति सलमान ने किशोरी को इस बात को किसी और को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. किशोरी को डरा धमका कर काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां किशोरी का गर्भपात करा दिया गया.

# अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू हाथरस में शहीद फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि

हाथरस के जलेसर रोड स्थित फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा सप्ताह का आगाज हुआ। डीएम राहुल पांडेय और एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान अग्नि दुर्घटनाओं में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा प्रचार–प्रसार के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। यह दिवस 1944 की एक भीषण घटना की याद में मनाया जाता है। उस समय मुंबई बंदरगाह के शिप यार्ड में लगी भीषण आग से पूरे शहर को बचाने में 66 फायर सर्विस कर्मियों ने अपनी जान दी थी।कार्यशालाएं आयोजित होंगी अग्निशमन विभाग की टीमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों,



गांवों और कस्बों में जाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा की जानकारी देंगी। इस सप्ताह के दौरान स्कूलों और कॉलेजों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। छात्र–छात्राओं को आग से बचने के उपाय और अग्निशमन उपकरणों के बारे में बताया जाएगा।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी आरके बाजपेई और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## हाथरस के सादाबाद गेट स्थित बलदेव बिल्डिंग में एक पान–गुटखा की दुकान में चोरी की वारदात सामने आई

हाथरस के सादाबाद गेट स्थित बलदेव बिल्डिंग में एक पान–गुटखा की दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। दुकान के मालिक राजकुमार, जो नवीपुर कलां के रहने वाले हैं ने पुलिस को सूचना दी है। राजकुमार रात 10 बजे अपनी दुकान बंद करके गए थे।चोरों ने रात में दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने दुकान से करीब 10 हजार रुपए की नकदी के साथ–साथ हजारों रुपए का सामान भी चुरा लिया। सुबह जब राजकुमार दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो नकदी और सामान गायब था।पुलिस को दी गई तहरीर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने इसे लेकर पुलिस को तहरीर दी है। शहर के बीचों–बीच हुई इस चोरी की वारदात से लोगों में दहशत का माहौल है।

## हाथरस में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

हाथरस में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह आगरा रोड से एक विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा की संयोजक सुषमा सिंह और राहुल सिंह के साथ हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया।कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह पार्क पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां शहीदों की प्रतिमा और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। राहुल सिंह, सुषमा सिंह और उनकी टीम का पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया। यह प्रभात फेरी खंदारी गढ़ी स्थित डॉ अंबेडकर पार्क पर जाकर समाप्त हुई। वहां हजारों लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, रालोद जिलाध्यक्ष श्याम सिंह, जिलाधिकारी राहुल पांडे और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ



सिन्हा ने हिस्सा लिया। अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी वहां मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन मोनिका गौतम ने किया। खंदारी गढ़ी स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क पर जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। ओढ़पुरा स्थित पंच तीर्थ भीमराव आंबेडकर पार्क में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने पुष्प माला अर्पित की।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मूलचंद वार्ष्णेय, हरिशंकर राणा, दिनेश शर्मा, मोहन पंडित, ताराचंद्र माहेश्वरी सहित कई नेता मौजूद रहे।विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम बसपा, कांग्रेस, भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल सहित सभी राजनीतिक दलों ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य सामाजिक संगठनों ने भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए। सरकारी दफ्तरों में भी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देकर उनको नमन किया गया।

## हाथरस में सांसद, डीएम ने सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित, बाबा साहेब के जीवन पर डाला प्रकाश

हाथरस में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर ओढ़पुरा तिराहा स्थित पंचतीर्थ डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, राष्ट्रीय लोक दल जिलाध्यक्ष श्याम सिंह, जिलाधिकारी राहुल पांडेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा सहित आदि मौजूद रहे।सभी ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने अपने संबोधन में बाबा साहब के मूल मंत्र शशिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करोश पर अमल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर न सिर्फ भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रबल समर्थक भी थे।अधिशासी अधिकारी ने किया स्वागत



कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद, जिलाध्यक्ष और जिलाधिकारी ने नगर पालिका के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे।

## बाबा साहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब सादाबाद में निकली बाइक और पैदल रैली, कार्यालयों में हुआ माल्यार्पण

सादाबाद तहसील में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समाज के सभी वर्गों की भागीदारी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाइक रैली और पैदल रैली का आयोजन किया गया।सादाबाद ब्लॉक सभागार में एडीओ पंचायत रामकिशन सिंह ने रालोद पंचायत प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रधान महाराज सिंह और स्टाफ के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान देवेंद्र गौतम और शैलेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।एडीओ पंचायत ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे सच्चे अर्थों में भारत रत्न और लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे। उन्होंने कहा कि समता और न्याय पर आधारित समाज की स्थापना के लिए बाबा साहेब का संघर्ष सदैव प्रेरणादायक रहेगा।सहपऊ ब्लॉक सभागार में बीडीओ अनुज मिश्रा और वीडियो एग्रीकल्चर मुरारी लाल ने अन्य कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। एमएल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सूर्यपाल ने शिक्षकों के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।प्रधानाचार्य ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सभी समाज के लिए काम किया। उनकी प्रतिभा का प्रमाण है कि उन्होंने भारत का संविधान



लिखा।जिलाध्यक्ष युवा रालोद महीपाल सिंह और युवा बृज क्षेत्र उपाध्यक्ष रामवतार दीपू चौधरी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## सरकारी विद्यालय में हुआ बार बालाओं का डांस फिल्मी और रोमांटिक गानों पर लगाए ठुमके,

हाथरस में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना कोतवाली हसायन क्षेत्र की जरेरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाड़ी की है। रविवार की रात विद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान कुछ बार बालाओं ने फिल्मी और रोमांटिक गानों पर नृत्य किया। इस मौके पर वहां काफी लोग मौजूद रहे। इन विद्यालयों में जहां रोजाना बच्चों को शिक्षा और सभ्यता के पाठ पढ़ाए जाते हैं। वहां इस तरह के आयोजन को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं भी होती रहीं।अधिकारी बोले मामले की जानकारी नहींइस मामले को लेकर खंड शिक्षा



अधिकारी लक्ष्मीकांत जायसवाल से संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें विद्यालय में किसी कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी नहीं थी। यह घटना शिक्षण संस्थान की गरिमा के खिलाफ है।

## हाथरस में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

हाथरस में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश कुमार ने साथियों के साथ कई स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस की विचार गोष्ठी में शहराध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समानता के पक्षधर थे। उन्होंने कमजोर, गरीब और शोषित वर्ग की लड़ाई लड़ी। भारत में महिलाओं की आजादी बाबा साहेब की देन है।कार्यक्रम में डॉ. विष्णु कांत, राकेश सुमन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामनारायण काके ने रोडवेज बस स्टैंड के पास अपने आवास पर बाबा साहेब की



जयंती मनाई। विचार गोष्ठी में मोहम्मद इरशाद, हाजी नवाब हसन सहित कई नेता शामिल हुए।पालिकाध्यक्ष ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण ओढपुरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सभासद दल के नेता अतुल चौधरी, सभासद राकेश कुमार और कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल व अन्य राजनीतिक दलों ने भी डॉ आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौ:-8218049162,8273402499



# जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का पुलिस लाइन सभागार में होगा आयोजन

अलीगढ़ महिलाओं, बालक, बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के दृष्टिगत 17 अप्रेल से 16 मई तक ऑपरेशन जागृति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत पुनः ग्राम पंचायत, वार्ड एवं स्कूल कालेज में भ्रमण कर जन जागरूकता अभियान चलाया जाना प्रस्ता. वित है। इस ऑपरेशन जागृति अभियान को सफल बनाए जाने के लिए जिला अभिमुखीकरण कार्यक्रम में 15 अप्रैल को यूनीसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ऑपरेशन जागृति अभियान को सफल बनाए जाने के लिए प्रशिक्षण के दौरान 11 बजे से 1 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी, समस्त पुलिस अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी ए०एच०टी०यू०, प्रभारी साईबर क्राइम,प्रभारी, परिवार परामर्श केन्द्र, प्रभारी विशेष जाँच प्रकोष्ठ, प्रभारी मॉनीटरिंग सैल, जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला मिशन मैनेजर एनआरएलएम, मैनेजर वनस्टोप सेंटर, एनजीओ, मनोवैज्ञानिकध्काउंसलर्स, प्रभारी थाना साइबर सैल, प्रभारी नारकोटिक सैल उप. स्थित रहेंगे। दोपहर 1.00 बजे से 2.00 बजे तक समस्त थानों के आपरेशन जागृति नोडल निरीक्षक, पुलिस विभाग प्रत्येक थाने से चार प्रतिभागी ए और बी टीम ध् बाल सुरक्षा अधिकारीध्महिला डेस्ककर्मी, शिक्षा विभाग डिग्री कालेज, इण्टर कालेज एवं कस्तूरबा गाँधी विद्यालय के एक एक प्राचार्यध्शिक्षकध्शिक्षिका एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी, पंचायती राज एडीओ, पंचायत सहायक, सुपरवाइजर व आँगनवाड़ी, सीडीपीओध्आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास बाल संरक्षण अधिकारी, समस्त ब्लाक मिशन मैनेजर यूपीएसआरएलएम, स्वास्थ्य विभाग – एमओआईसी, एएनएम, आशा, सुपरवाइजर, एनएसएस प्रोग्राम आफीसर,राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम काउंसलर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।पुलिस अधीक्षक अपराध एवं नोडल अधिकारी ऑपरेशन जागृति ममता कुरील ने कहा है की अधिकारी स्वयं एवं अपने अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचरीगण को जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। ओरियंटेशन प्रोग्राम में थाना स्तर से नामित कर्मचारियों में से 04–04 पुलिस कर्मी के अतिरिक्त 1–1 बाल सुरक्षा अधिकारीध्महिला डेस्क कर्मी भी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## जिले में बाबा साहब की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

अलीगढ़ : भारत रत्न बाबा साहब भीमराव रामजी आंबेडकर जी की 135 वीं जन्म जयंती पर मण्डलायुक्त संगीता सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, प्रभारी सीडीओ भालचंद्र त्रिपाठी ने क्रमशः आयुक्त सभागार, कलैक्ट्रेट सभागार एवं विकास भवन सभागार में डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मंडलायुक्त संगीता सिंह ने डॉ0 भीमराव रामजी आंबेडकर के आदर्श, संघर्ष एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कलैक्ट्रेट में डीएम संजीव रंजन ने देश की एकता, समानता, बंधुता एवं अखंडता में उनके योगदान के बारे में उपस्थित जन समूह को बताया। प्रभारी सीडीओ एवं पीडी भालचंद्र त्रिपाठी ने विकास भवन में कहा कि डॉ0 आंबेडकर समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी को अभिव्यक्ति की आजादी और सम्मान दिलाने का प्रयास किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, वीके सिंह, एडीएम वित्त मीनू राणा, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसीएम सुधीर कुमार सोनी, संजय मिश्रा, सीवीओ डॉ दिवाकर त्रिपाठी, समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी समेत अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भी भारत रत्न डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया।

## संपत्ति मूल्यांकन की नवीन दरें 15 अप्रैल से लागू

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला निबन्धक मीनू राणा ने बताया है कि उ०प्र० स्टाम्प सम्पत्ति का मूल्यांकन नियमावली के अनुसार महानिरीक्षक निबन्धन व अन्य सुसंगत नियमों व आदेशों में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिले की दर मूल्यांकन सूची को जिला कलेक्टर के द्वारा नियमानुसार पुनरीक्षित कर दिया गया है और सम्पत्ति मूल्यांकन के लिए नई दरें 15 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

हाथरस में हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव अजीतपुर में एक विवाहिता ने अपनी ससुराल के बाहर धरना दिया। रजनी नाम की यह महिला अपनी ससुराल पहुंची। उसने घर में प्रवेश करने का प्रयास किया।रजनी का आरोप है कि उसके जेठ, सास, जेठ के बच्चे और देवर ने उसे, उसके पति और बेटे को जबरन घर से निकाल दिया है। उसका कहना है कि उसके साथ मारपीट भी की गई। उसे उसका हिस्सा नहीं दिया जा रहा। उसका आरोप है कि उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाला गया है। वह कई बार शिकायत कर चुकी है। लेकिन पुलिस की तरफ से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि यह मामला संपत्ति विवाद से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार परिवार में संपत्ति का बंटवारा पहले ही हो चुका है। इसके बावजूद रजनी घर में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी। स्थिति का जायजा लेने के बाद पुलिस वापस लौट गई।

## भारत रत्न स्व० डा० भीमराव अम्बेडकर जी के 134वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कार्यालय पर आज हुए कार्यक्रम में उन्हें काफी श्रद्धाभाव से किया याद



देश के सम्विधान निर्माता भारत रत्न स्व० डा० भीमराव अम्बेडकर जी के 134वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कार्यालय पर आज हुए कार्यक्रम में उन्हें काफी श्रद्धाभाव से याद किया गया ᑉ इस अवसर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हरियाणा प्रदेश के पूर्व प्रभारी व पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कांग्रेस शहर अध्यक्ष नवेद खान व कांग्रेसजनों के साथ कांग्रेस कार्यालय पर बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और बाबा साहब के जन्मदिन का केक काटा व् उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों को खिलाया ᑉ इस अवसर पर बाबा साहब को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए विवेक बंसल ने कहा कि बाबा साहब देश के संविधान के प्रमुख शिल्पी थे इसके साथ उन्होंने दलित समाज में शिक्षा के प्रसार व जागरूकता लाने के लिए भी काफी उल्लेखनीय कार्य किये थे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठा० सिंह एवं शहर अध्यक्ष नवेद खान ने कहा कि बाबा साहब संविधान के संविधान रचयिता थे उन्होंने हमेशा दलितों एवं गरीबों में शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया था प्इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में कैलाश बाल्मीकि, शीलू चंदेल, सरदार अजीत सिंह, हेमेन्द्र पाल सिंह, शाहिद खान, ओमप्रकाश जी, ज्ञान. सिंह दिवाकर, भूदेव प्रसाद, सुनील कुमार जाटव, कफील अहमद खान, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, अखिल वार्ष्णेय, मोहम्मद अकील कुरैशी, शाहिद कुरैशी, लक्ष्मी नारायण, नादिर खान, चौधरी वीरेंद्र सिंह, शादाब फजल, शहजाद हुसैन, आजम कुरैशी, मुकर्रम खान, साजिद बेग, हिमांशु अग्रवाल, सोमेश चौहान, मुकेश मोर्य, भग. वान् दास, कुलदीप सिंह, जफर आलम, संदीप शर्मा, जगवीर सिंह, धनसिंह, आदि मौजूद रहे

## सादाबाद कोर्ट में चेंबर निर्माण पर विवादबिना लिखित आदेश के लेखपाल ने रोका काम, अधिवक्ता से हुई बहसय आरआई ने कराया समझौता

सादाबाद न्यायालय में एक अधिवक्ता और लेखपाल के बीच चेंबर निर्माण को लेकर विवाद हो गया। अधिवक्ता अपने चेंबर में निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान लेखपाल और कानूनगो वहां पहुंचे और काम रुकवाने की कोशिश की।विवाद बढ़ने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस को भी बुलाना पड़ा। अधिवक्ता का कहना था कि लेखपाल के पास कोई लिखित आदेश नहीं था। वहीं लेखपाल ने निर्माण को गैर–कानूनी बताया।पुलिस ने मामला शांत करायाआरआई देवी शरण शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक एसडीएम छुट्टी पर हैं और न्यायिक एसडीएम उनका कार्यभार संभाल रहे हैं। न्यायिक एसडीएम ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया था कि प्रशासनिक एसडीएम की वापसी तक कोई नया कार्य न किया जाए।अधिवक्ता का तर्क था कि वह कोई नया कार्य नहीं, बल्कि अपने मौजूदा चेंबर में ही काम करवा रहे थे। इस पूरे विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आरआई के अनुसार, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।

## दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे सपा नेता महेश बघेल को आशीर्वाद देने के लिए अलीगढ़ पहुंचे समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष अभिषेक यादव

अलीगढ़।समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए विगत दिवस अलीगढ़ पहुंचे,इतना ही नहीं यहां पर एक होटल में रात्रि प्रवास करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी भेंट वार्ता की और इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव धनगर महेश बघेल के आवास पर पहुंचे और यहां पर उन्होंने नव दंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया।आपको बता दें कि ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के जिलाध्यक्ष और मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव धनगर महेश बघेल पिछले दिनों अनुपम बघेल के साथ दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंध गए हैं और उन्हें आशीर्वाद देने के लिए लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव अलीगढ़ पहुंचे।इस दौरान यहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महेश बघेल के पूरे परिवार से मुलाकात की और इस दौरान यहां पर उनका पटका पहना कर माल्यार्पण करके और महारानी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट करके स्वागत और अभिनंदन किया साथ ही युवा नेता महेश बघेल ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया।इस मौके पर यहां राष्ट्रीय सचिव असित यादव,धीरज यादव,जितेंद्र सिंह, दिव्यांक शर्मा,अश्विनी यादव,गजेन्द्र धनगर,हर्ष बघेल,मयंक बघेल और हर्षित बघेल समेत लोहिया वाहिनी और मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के तमाम नेता और कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक युवक पर गांव के ही व्यक्ति ने लाठी और सरिया से किया हमला

हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक युवक पर गांव के ही व्यक्ति ने लाठी और सरिया से हमला कर दिया। घटना गांव कोटा की है। पीड़ित यतेंद्र शुक्ला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 14 अप्रैल की है। आरोपी ने यतेंद्र के पिता को फोन पर गालियां दी। अपनी दुकान पर बुलाया। यतेंद्र अपने पिता के साथ आरोपी की दुकान पर गए। वहां गाली–गलौज का कारण पूछा तो आरोपी भड़क गया। उसने लाठी और सरिया से यतेंद्र पर हमला कर दिया। दबंग किस्म का है आरोपी हमले में यतेंद्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। आसपास के लोगों ने बीच–बचाव कर उन्हें बचाया। पुलिस ने यतेंद्र को मुरसान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। यतेंद्र का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है और उनकी जान को खतरा है।

## हनुमानजी की रथ यात्रा का जगह–जगह भव्य स्वागत

महानगर के पक्की सराय में संकट मोचन मंदिर से रविवार को 29वीं शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें 60 मनमोहक झांकियां थी। रथ पर सवार होकर हनुमानजी ने शहर का भ्रमण किया। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र महाकुंभ, साईं बाबा, कुंभकरण, राम दरबार, बालाजी, शिव दरबार की झांकियां रहीं। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मीडिया प्रवक्ता गौरव वार्ष्णोय ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह में पूजा संपन्न कराई गई। हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और आरती की गई। संयोजक विक्रांत वार्ष्णेय ने बताया कि शोभायात्रा पक्की सराय से होते हुए खिरनी गेट, हाथरस अड्डा, पालीवाल स्कूल, रामलीला ग्राउंड, डीएस कॉलेज, दुबे पड़ाव, मानिक चौक, मदार गेट, अचल ताल होती हुई पक्की सराय मंदिर पर समाप्त हुई। इस मौके पर मंदिर संचालक पंकज वर्मा, मुख्य पुजारी पंडित विशेष शर्मा, अध्यक्ष ठा. सत्येंद्र कुमार सिंह, सरोज शर्मा, अंकुर जैन, तरुण वर्धन, शिवम वर्धन, अंकित, सनी, मनी, आशु गुप्ता, योगेश वार्ष्णेय मौजूद रहे।

## अलीगढ़ अंबेडकर की 134वीं जयंती पर दलित समाज हुआ एकजुट, रामजीलाल सुमन को लेकर कही बात

अलीगढ़ में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जा रही है. इसी दौरान बाबा साहब के अनुयायियों के द्वारा जश्न के साथ–साथ आक्रोश नजर आ रहा है. बाबा साहब के अनुयायियों का साफ तौर पर कहना है, जहां एक ओर दलित समाज से आने वाले महापुरुष के द्वारा संविधान को लिखा था, आज इस संविधान को पैरों तले रौंदने का काम मौजूदा सरकार के द्वारा किया जा रहा है. यही कारण है दलित सांसद के घर पर करणी सेना वालों के द्वारा खुले आम हमला किया गया.इस दौरान 1 किलोमीटर दूरी पर स्थित मौजूदा मुख्यमंत्री के होने के बावजूद भी दलित समाज के घर के बाहर हमला होता रहा, लेकिन कोई सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं थे. दलित समाज एकजुट होकर रामजीलाल सुमन के साथ मौजूद है. आगे आने वाले समय में दलित समाज के द्वारा अगर रामजीलाल सुमन की सुरक्षा में या घर पर या उन पर किसी तरह का हमला हुआ तो उसका जवाब दिया जाएगा.दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के तहसील इगलास का है. जहां बाबा साहब की 134 जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई. इस दौरान बाबा साहब के अनुयायियों के द्वारा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए कानून में बदलाव को लेकर भी आक्रोश व्याप्त है. उनका कहना है हर रोज मौजूदा सरकार के द्वारा कानून में बदलाव किए जा रहे हैं. दलित पिछड़ों की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है. दलित समाज को पीछे खींचने के लिए तमाम तरह के कार्य किए जा रहे हैं. रामजीलाल सुमन के घर पर हुए हमले को लेकर उनके द्वारा कार्रवाई की मांग की गई है.पूरे मामले पर सौदान सिंह के द्वारा बताया गया कि आज का जो समय है, वह पूरे तरीके से दलित समाज के खिलाफ है. सिर्फ करणी सेना के द्वारा माहौल बनाने के लिए इस तरह की कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. दलित पिछड़ों को दबाने के लिए दलित सांसद के घर के बाहर हमला किया जा रहा है. लेकिन दलित समाज पूरा रामजीलाल सुमन के साथ है, उनके साथ कुछ भी हुआ तो ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा.

## नर सेवा से ही मिलता है नारायण सेवा का फल–स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज अक्रूर जी सेवा समिति ने राजघाट गंगा तट पर लगाया टीन शेड

अलीगढ।चिलमिलाती गर्मी और लू जैसी गर्म हवाओं से बचने के लिए जहाँ लोग अपने अपने घरों में तरह तरह के इंतजाम करते हैं तो वहीं समाजसेवा के उद्देश्य हेतु शहर की सामाजिक संस्था अक्रूर जी सेवा समिति द्वारा राजघाट के गंगा तट पर गंगा स्नान को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए टीनशेड लगाया गया,जिसका शुभारम्भ स्वामी पूर्णानंदपुरी महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया।आपको बता दें कि विगत दिवस आगरा रोड स्थित राधा रमण गौशाला से संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बस एवं निजी वाहनों द्वारा राजघाट गंगा घाट पहुंचे जहाँ वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी पूर्णानंदपुरी महाराज के सानिध्य में आचार्य गौरव एवं शिवम व्यास ने विधि विधान से माँ गंगा का पूजन अर्चन करवाया और स्तुति आदि का पाठ कर मन्त्रोंच्चारण के साथ नव निर्मित टीन शेड का शुभारम्भ किया।वहीं स्वामी पूर्णानंदपुरी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि प्रकृति में दिखने वाली हर वस्तु हमें परोपकार की भावना सिखाती है और अनवरत रूप से प्रवाहित कल कल करती माँ गंगा हमेशा दूसरों की प्यास दूर करने के लिए जल लेकर आती हैं वहीं कभी वृक्ष अपना फल स्वयं नहीं उपभोग करते साथ ही अनेक जन्मों की यातनाओं को सहने के बाद अंततः मोक्ष प्राप्ति हेतु मनुष्य का जीवन मिलता है,अतः इस अमूल्य सम्पदा का सदुपयोग हमें परमार्थ के लिए करना चाहिए।इस शरीर से परोपकार एवं जीव सेवा के लिए जो भी प्रयास हो वह हमें निरंतर करते रहना चाहिए क्योंकि असली तथ्यों में नर की सेवा ही नारायण सेवा है।उन्होंने कहा कि वेद पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में उल्लिखित जीवन दायिनी माँ गंगा जो कि तमाम पापों का नाश करतीं हैं जबकि आज उनकी स्थिति भी औद्योगिक प्रक्रियाओं के चलते दयनीय बनी हुई है इसलिए व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर संस्थाओं को आगे आना चाहिए क्योंकि आज हम गंगा और गाय संरक्षण के लिए प्रयास करेंगे तभी हमारी पीढ़ी को गंगा की पवित्रता और गौ माता के महत्व का आभास होगा।इसके बाद संस्था द्वारा भंडारे प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें दिपेन्द्र वार्ष्णेय,अतुल कुमार गुप्ता, प्रवेश कुमार गुप्ता,ललित कुमार सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# कासगंज के नसरतपुर गांव में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**
कासगंज के नसरतपुर गांव में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हुई। रविवार देर रात जाटव समाज द्वारा तालाब के पास बोर्ड लगाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। तालाब की जमीन के पास पहले से ठाकुर समाज का बोर्ड लगा था।दलित समाज ने भी वहीं अपना बोर्ड लगा दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही ठाकुर समाज के लोग मौके पर पहुंचे और बोर्ड हटाने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। मामला मारपीट और पथराव तक पहुंच गया। हिंसक झड़प में दलित पक्ष की 18 वर्षीय खुशबू और नरेश की पत्नी घायल हो गईं।कोतवाली पुलिस को सूचना



मिलते ही मौके पर पहुंची। एसपी अंकिता शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती और सीओ आंचल चौहान भी तुरंत घटनास्थल पर आए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के बोर्ड हटवा दिए। एसपी अंकिता शर्मा के अनुसार स्थिति नियंत्रण में है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सीओ कासगंज शिव आंचल चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों के बोर्ड हटा दिए गए हैं और स्थिति सामान्य है।

## कासगंज रेप कांड में बीजेपी नेता आरोपित! पुलिस ने अखिलेश सिंह गब्बर को किया गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश स्थित कासगंज में गैंगरेप के एक मामले में आरोपी को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है. दावा है कि गैंगरेप के आरोपियों में से एक आरोपी बीजेपी का स्थानीय नेता है उसका नाम अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ गब्बर है. कासगंज में अपने मंगेतर के साथ घूमने गई एक युवती से 8 से 10 आरोपियों ने उन्हें अकेला पाकर घेर लिया था. उन्हें पकड़ कर दूसरी जगह ले गए. वहां मंगेतर को बंधक बनाकर उसके सामने युवती के साथ द. रंदगी को अंजाम दिया था. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी. स्पेशल टीम बनाकर आठ आरोपियों को पकड़ लिया गया जिनमें से एक बीजेपी का स्थानीय नेता अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ गब्बर बताया जा रहा है.इसके खिलाफ कासगंज में कई मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं और अभी भी दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं. जिनकी तलाश में पुलिस लगातार तफ्तीश में जुटी हुई है. गैंगरेप के दो आरोपी अभी भी फरार हैं, उनकी तलाश पुलिस कर रही है. इस संदर्भ में कासगंज के एडिशनल एसपी राजेश भारती ने बताया कि कासगंज क्षेत्र में एक युवती के साथ कुछ अपराधियों ने बलात्कार की घटना कारित की थी जिसमें कासगंज और क्राइम ब्रांच अन्य थानों की गठित टीम उतारा. उन आरोपियों में से कुल आज आठ आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है इसमें से दो आरोपी अभी भी शेष हैं शीघ्र ही उनकी भी गिरफ्तारी करके सभी के विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कारवाई की जाएगी. वहीं यूपी महिला आयोग की सदस्य रेणु गौड़ ने कहा कि आरोपी चाहे कितने भी रसूख वाले क्यों ना हो बख्श नहीं जाएंगे. सभी के खिलाफ कड़ी कारवाई होगी. जो गैंगरेप हुआ है उसमें पूरी तरीके से कार्यवाही हुई है. जैसा कि मेरे संज्ञान में था तो मैंने पूरी मदद की है. मेरी पूरी टीम वहां पहुंची हुई थी. चाइल्ड हेल्पलाइन से सौरभ जी गए हुए थे. अपनी टीम के साथ में बच्ची को सामने लाया गया. बच्ची से सारी घटना पूछी गई बच्ची ने सारी घटना को अच्छे से बताया उसकी बात को समझा पर बच्ची बहुत डरी हुई थी.

## कासगंज में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह शुरू एसपी ने हरी झंडी दिखाकर दमकल गाड़ियों को किया रवाना, 20 अप्रैल तक चलेगा अभियान

कासगंज में अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत हो गई है। यह सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक चलेगा। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र से दमकल विभाग की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस वर्ष का थीम श्एकजुट हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करेंश रखा गया है। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में दमकल कर्मी लोगों को आग से बचाव के तरीके बताएंगे। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी भी देंगे।कार्यक्रम में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित पलायन मार्ग की जानकारी दी जाएगी। बहुमंजिला भ. वनों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण होगा। पटाखों और आ. तिशबाजी से सुरक्षा के उपाय भी बताए जाएंगे।मुख्य अग्निशमन अधिकारी रमेश



कुमार तिवारी और अन्य पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। आग लगने की आपात स्थिति में नागरिक इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं – 112/101, 9258153706, 9454418500, 9454418501, 9454418498, 9258153730, 9454417386।

## अंबेडकर जयंती पर एटा में युवक को मारी गोली, भारी फोर्स पहुंची, हालात काबू में

उत्तर प्रदेश स्थित एटा में अंबेडकर जयंती पर एक शोभा यात्रा के दौरान युवक को गोली मार दी गई. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर फोर्स पहुंची. एटा में एक युवक को दिन दहाड़े गोली मार दी गई. गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना एटा में जलेसर थानान्तर्गत हुई है. जानकारी के अनुसार जलेसर कस्बे के मोहल्ला रामबाबू गली में 43 वर्षीय दिनेश यादव ने अनिल कुमार जाटव को दिन दहाड़े गोली मार दी. गोली लगने से अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है.जानकारी के मुताबिक दिनेश और अनिल के बीच एक दिन पहले यानी रविवार, 13 अप्रैल को कुछ कहासुनी हुई थी. इसके बाद 14 अप्रैल, सोमवार को



दिनेश ने अनिल को गोली मार दी.पुलिस ने गोली मारने वाले दिनेश यादव को मौके से ही मय तमंचा 315 बोर और 2 कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है. अंबेडकर जयंती पर दलित युवक को गोली मारने की खबर सुनकर जयंती व शोभायात्रा निकाल रहे हजारों दलित एकत्रित होकर नारे बाजी करने लगे.इस दौरान बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ ने जमकर बवाल किया. सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा राज कुमार सहित कई थानो का भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और बमुश्किल स्थिति को नियंत्रित किया गया.

## एटा के पार्कों की दुर्दशा टूटे झूले, गंदा पानी और जमा कचराय बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक परेशान

एटा शहर के सुनहरी नगर स्थित पार्क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। बरसात के कारण पार्क में जगह–जगह गंदा पानी भर गया है। बच्चे मजबूरी में इसी गंदे पानी में खेल रहे हैं। पार्क की स्थिति इतनी खराब है कि बच्चों के खेलने के लिए लगे झूलों की जंजीरें टूट चुकी हैं।रात में रोशनी के लिए लगाई गई अधिकांश लाइटें चोरी हो चुकी हैं। महीनों से पार्क की सफाई नहीं हुई है। पार्क में रोजाना सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे आते हैं। बुजुर्ग सुबह–शाम टहलने और योग करने आते थे। लेकिन पार्क की खराब स्थिति के कारण अब उन्होंने आना बंद कर दिया है।पार्क के मुख्य द्वार पर जल जमाव की स्थिति है। एटा प्रशासन इन दिनों संचारी रोग अभियान चला रहा है। लेकिन पार्क में जमा गंदा पानी संचारी रा. गों को बढ़ावा दे रहा है। पार्क में खाने–पीने की दुकान चलाने वाले कुलदीप का कहना है कि वह वर्षों से यहां दुकान लगा रहे हैं। पार्क की बिगड़ती स्थिति का असर उनकी दुकानदारी पर भी पड़ रहा है। पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण पार्क की स्थिति दिन–प्रतिदिन खराब होती जा रही है।

## संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती अलीगंज में धूमधाम से मनाई गई



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती अलीगंज में धूमधाम से मनाई गई। भीम नगर से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा दोपहर दो बजे निकाली गई। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराने बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई।शोभायात्रा में बाबा साहेब अंबेडकर, भगवान बुद्ध, रमाबाई अंबेडकर और सावित्री बाई फुले की भव्य झांकियां शामिल थीं। बैंड–बाजों की धुन पर युवा, महिलाएं और युवतियां नृत्य करती नजर आईं। कार्यक्रम में लज्जाराम गुलशन, पूरन सिंह, मनोज कुमार, मदनलाल और प्रकाश सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।विधायक सत्यपाल सिंह राठौर और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता बॉबी ने पुराने बस अड्डे और मोहल्ला छेदालाल गौड में स्थित अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। उन्होंने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने पिछड़ों, गरीबों और कमजोर वर्ग के लिए संघर्ष किया। आज उन्हीं के बनाए संविधान से देश चल रहा है।कार्यक्रम में लोकपाल सिंह शाक्य, राघवेंद्र गुप्ता, जीतू राठौर, विनोद कुमार आर्य, अमोद कुमार आर्य, सृष्टि शर्मा, मोनू शर्मा और गोपाल शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

## एटा जिले की अलीगंज थाना पुलिस ने एक माह पूर्व हुई लाखों की चोरी का खुलासा



एटा जिले की अलीगंज थाना पुलिस ने एक माह पूर्व हुई लाखों की चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी नंदकिशोर उर्फ सिंटू को भदवास वार्डर के समीप से गिरफ्तार किया है। आरोपी मैनपुरी के नगला आंद्रा थाना औंछा का रहने वाला है।पुलिस ने आरोपी से चोरी के पैसों से खरीदी गई स्विफ्ट डिजायर कार और सोने के जेवरात बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ मैनपुरी में 20, मथुरा और एटा में कुल 35 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर जैसे संगीन अपराध भी शामिल हैं।घटना मार्च माह में होली के बाद की है। मोहल्ला राधाकृष्ण में एक पुलिस कर्मी के घर में अज्ञात चोर ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस कर्मी की पत्नी सर्वेश कुमारी ने लाखों की नकदी और सोने–चांदी के जेवरात चोरी होने की एफआईआर दर्ज कराई थी।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने मामले की जांच के लिए स्वाट, सर्विलांस और पुलिस टीम को लगाया। चोर की पहचान सीसीटीवी फुटेज से हुई, जिसमें वह नकाबपोश दिखा। आरोपी को रविवार को पिलुआ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।बरामदगी में एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक जोड़ी कानों के कुंडल, एक जोड़ी कानों के झाले और तीन अंगूठियां शामिल हैं। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल अमरजीत सिंह और महिला कांस्टेबल मनोज कुमारी की टीम शामिल रही।

## कासगंज किशोरी को बनाया हवस का शिकार... शिकायत पर जान से मारने की धमकी देकर फरार

कासगंज, सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक शख्स ने अकेली नाबालिग किशोरी को दबोच कर अपनी हवस का शिकार बना लिया। पीड़िता को मां बाप को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है।गांव किरामई में एक युवक अपनी पत्नी को दवा दिलाने के लिए सोरों गया हुआ था। घर में अकेली 17 वर्षीय बेटी और बच्चे थे, तभी गांव का ही रहने वाला विवेक पुत्र राकेश कुमार घर में घुस आया। छोटे–छोटे बच्चों को पैसा देकर दुकान पर भेज दिया। इसी बीच आरोपी ने किशोरी को दबोच लिया। उसके साथ रेप किया। बाद में विवेक ने किशोरी से कहा कि अगर तूने अपनी मां बाप को बताया तो तुझे जान से मार देंगे।जब किशोरी के मां–बाप घर आये तो उसने पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। पीड़िता पिता किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एटा में महिला ने किया सुसाइड 4 साल पहले हुई थी शादी, पंखे से फंदा लगाकर दी जान, कासगंज से पहुंचे मायके वाले

एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र के पेंदापुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 25 वर्षीय अर्चना ने अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। अर्चना की शादी सत्येंद्र के साथ 4 साल पहले हुई थी और उनकी एक बेटी है।परिजनों को जब कमरे में अर्चना का शव लटका मिला, तो उन्होंने तुरंत बागवाला थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली गई। सीओ एटा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।मायके वाले पहुंचे मृतका का मायका नगला असंद, थाना गंजडुंडवारा, कासगंज में है। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। परिवार के सदस्य शोक में डूबे हुए हैं। थाना प्रभारी बागवाला अखिलेश कुमार दीक्षित ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के परिवार की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण पता चलेगा।